हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 27 सितंबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 सर्वे कर ग्रामीण क्षेत्र में शामिल करने और नवीन निर्माण पर...



08 शहर में धूमधाम से मनाये गए 10 दिवसीय गणेशोत्सव का विर्सजन के...



अनंत चतुर्दशी पर निकला चल समारोह, जयकारों से गूंजा नगर

चलित झांकियों और अखाड़ों के साथ हुआ गणपति बप्पा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

दस दिवसीय गणेश महोत्सव का शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर धूमधाम और उत्साह के साथ समापन हुआ। जिस उमंग के साथ गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं को घरों एवं सार्वजनिक पंडालों में विराजित किया गया था, उसी उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को विदाई दी। नगर के राजवाड़ा चौक से गणेश प्रतिमाओं की आकर्षक झांकियों के साथ भव्य चल समारोह निकाला गया। गणेश उत्सव समितियों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं वाहनों को आकर्षक रूप से सजाकर भगवान गणेश की प्रतिमाएं विराजित की गईं। चल समारोह में डीजे, नौबत और ताशों की जोशीली धुनों पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए शामिल हुए। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए देव सागर तालाब पहुंचा, जहां विधि-विधान से भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



अखाड़ों में पहलवानों और युवाओं ने दिखाए हैरतअंगेज करतब



गणेश विसर्जन चल समारोह में अखाड़ों द्वारा प्रस्तुत किए गए करतब आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। अखाड़े में पहलवानों, युवाओं और बच्चों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पहलवानों ने लाठी एवं मुद्गल से अपनी कला का प्रदर्शन किया।वहीं अखाड़े की नन्ही बालिकाओं और युवतियों ने भी पूरे उत्साह के साथ शौर्य प्रदर्शन किया। जलती हुई लाठी घुमाने, जलते हुए मुद्गल घुमाने तथा सिर से कांच की ट्यूब तोड़ने जैसे करतबों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। छोटे-छोटे बच्चों ने तलवार घुमाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। अखाड़े में बच्चों से लेकर युवाओं तक ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। करतबों को देखने के लिए मार्गों पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल रहा तैनात

चल समारोह एवं विसर्जन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी पूरे पुलिस बल एवं कोटवार दल के साथ मौजूद रहे। नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, सफाई कर्मचारी एवं अन्य अमला भी व्यवस्थाओं में जुटा रहा। प्रशासन की मौजूदगी में श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण माहौल में गणपति बप्पा को विदाई दी।

आज से नलखेड़ा अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान

हादसे के विरोध में नगरवासियों ने रैली निकालकर जताया विरोध

जिम्मेदारों पर कार्रवाई और व्यवस्थाओं में सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर हुए दर्दनाक हादसे में आठ श्रद्धालुओं की मौत के बाद अब नलखेड़ा में विरोध तेज हो गया है। प्रशासन की कथित लापरवाही और मंदिर मार्ग पर अव्यवस्थाओं को लेकर मां बगलामुखी भक्त मंडल के नेतृत्व में नगरवासियों ने रैली निकालकर विरोध जताया और 27 सितंबर से अनिश्चितकालीन नगर बंद का आह्वान करते हुए नगरवासियों और व्यापारियों से बंद को सफल बनाने में सहयोग की अपील की गई। अति आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया है।

भक्त मंडल का कहना है कि मंदिर परिसर और मार्ग की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन को पहले भी कई बार अवगत कराया गया, लेकिन समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया। हादसे के बाद विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी है। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के साथ नगरवासी, व्यापारी वर्ग भी धरने पर बैठ रहे हैं। इधर धरना प्रदर्शन को चार दिन बीतने के बावजूद जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी बढ़ गई है। नगर बंद के दौरान भी भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम जारी रखा जाएगा। भक्त मंडल के आह्वान पर 27 सितंबर से नलखेड़ा नगर अनिश्चितकालीन बंद रहेगा। भक्त मंडल द्वारा नगर के व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद रखकर आंदोलन को समर्थन देने की अपील की गई है।

हवन पूजन कार्य भी रहेंगे बंद

नगर बंद को समर्थन देते हुए मंदिर परिसर में हवन-अनुष्ठान कराने वाले पंडित और आचार्य भी बंद अवधि में मंदिर परिसर और बाहर हवन-पूजन संबंधी सेवाएं बंद रखेंगे। हालांकि, अति आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया है।

बार एसोसिएशन ने भी बंद को दिया समर्थन

मां बगलामुखी की दर्दनाक घटना को लेकर बार एसोसिएशन नलखेड़ा द्वारा भी गत 18-19 सितंबर की मध्य रात हुई घटना में आठ श्रद्धालुओं की मौत के मामले में जवाबदारों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई एवं बगलामुखी मंदिर की व्यवस्था में आवश्यक सुधार की मांग को लेकर नगर बंद का पूर्ण समर्थन करते हुए बार एसोसिएशन नलखेड़ा के समस्त अधिवक्तागण एकजुट होकर अपना न्यायालयीन कामकाज बंद रखेंगे।

जिले में आज ग्राहकों की सुविधा के लिए खुले रहेंगे बैंक

नलखेड़ा। आगर-मालवा जिले के सभी बैंक ग्राहकों को जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्रीकांत सक्सेना ने अवगत कराया है कि बैंक कर्मचारी, अधिकारी संगठनों द्वारा 28, 29 एवं 30 सितंबर 2026 को बैंक हड़ताल प्रस्तावित की गई है। जिसके कारण उक्त अवधि में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहने की संभावना है। ग्राहकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 27 सितंबर रविवार को जिले की समस्त बैंक शाखाएं खुली रहेंगी एवं सामान्य बैंकिंग कार्य संपादित किए जाएंगे। दिनांक 28, 29 एवं 30 सितंबर को हड़ताल के कारण शाखाओं में नकद लेन-देन, चेक क्लियरेंस सहित सामान्य कार्य प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि कियोस्क सेंटर एवं एटीएम सेवाएं यथावत चालू रहेंगी। अतः समस्त ग्राहकों से अनुरोध किया गया है कि अपने आवश्यक बैंकिंग कार्य, नकद आहरण/जमा, चेक जमा एवं अन्य जरूरी कार्य 27 सितंबर को ही पूर्ण कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।



धर्म प्रभावना पर नलखेड़ा की बेटी आर्ची जैन हुई सम्मानित

नलखेड़ा। सोशल मीडिया के माध्यम से जैन धर्म का प्रचार प्रसार करने एवं धर्म प्रभावना करने पर मां बगलामुखी की नगरी नलखेड़ा की बेटी आर्ची जैन का पुणे महाराष्ट्र के सोलापुर में आयोजित समारोह के दौरान सम्मान किया गया।

पुणे महाराष्ट्र के सोलापुर में आयोजित विशुद्ध रत्न मुनि सुप्रभ सागर महाराज के सानिध्य में जैन प्रतिभा सम्मेलन एवं जैन रचनाकार सम्मेलन रखा गया था। जिसमें नलखेड़ा की बेटी आर्ची जैन को सम्मानित किया गया। पुणे महाराष्ट्र के सोलापुर में पहली बार आयोजित इस समारोह में उज्जैन सम्भाग से एक मात्र नलखेड़ा से आर्ची जैन को राष्ट्रीय समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित कर अवार्ड तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आर्ची जैन को मिले इस सम्मान पर स्थानीय जैन समाज द्वारा कहां गया कि आर्ची जैन पूर्व में भी कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित हो चुकी है तथा सोलापुर में सम्मानित होकर नलखेड़ा का गौरव बढ़ाया है।

नमामि भारतम कार्यक्रम अंतर्गत हुआ सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के मार्गदर्शन में स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नमामि भारतम कार्यक्रम के उपलक्ष्य में वंदे मातरम के 150 वें वर्ष में एक समय, एक लय, एक स्वर पूर्ण वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया। शुक्रवार 11 बजे हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार त्रिवेदी ने की। मुख्य वक्ता शाजापुर विभाग संयोजक नमामि भारतम गोविंद वेदिया थे। विशेष अतिथि राष्ट्र सेविका समिति जिला कार्यवाहिका भार्गवी जोशी थीं। नमामि भारतम कार्यक्रम के नगर संयोजक भेरूसिंह दासावत ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में नमामि भारतम के अंतर्गत नगर की प्रमुख संस्थाओ कमला सागर हायर सेकंडरी स्कूल, भारत माता स्कूल, सागर विद्या निकेतन, कक्का इंटरनेशनल, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, सांदीपनी विद्यालय, आस्था एकेडमी एवं विद्यालय प्रबंधन, छात्रो शिक्षकगणों द्वारा वंदेमातरम गायन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता वेदिया ने वंदेमातरम के इतिहास, अर्थ व वंदेमातरम गीत की प्रासंगिकता के विषय पर प्रकाश डाला।

मालवा महासंघ का दो दिवसीय 15वां अधिवेशन नागपुर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



मालवा महासंघ का 15वां राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 2 एवं 3 अक्टूबर को नागपुर में आचार्य भगवंत श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वर म.सा. की पावन निश्रा में आयोजित होने जा रहा है। अधिवेशन में देशभर के विभिन्न श्री संघों के प्रतिनिधि एवं समाज के प्रमुख पदाधिकारी सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर आचार्यश्री द्वारा संघ एवं समाज से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही जैन समाज की अनेक प्रमुख हस्तियां भी राष्ट्रीय अधिवेशन में उपस्थित रहेंगी। जैन पत्रकार परिषद के प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ के नेतृत्व में लगभग 50 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल भी अधिवेशन में सहभागिता करेगा। आगर जिले से भी बड़ी संख्या में जैन पत्रकार परिषद के सदस्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। मालवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल सुखराज कटारिया, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष मेहता, संगठन प्रमुख अभय चोपड़ा, महासचिव राजेश मानव एवं राजेंद्र करणपुरिया, वीरेंद्र जैन तथा मध्यप्रदेश अधिवेशन प्रभारी अनिल कुमार देसरला, आलोट सहित पदाधिकारियों ने देशभर के सभी श्री संघों एवं समाज के प्रमुखों से नागपुर पहुंचकर राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागी बनने की अपील की है।

फल-फ्रूट के ठेले फिर आए सड़क पर

कचरे के ढेर में लग रही हाट बाजार की सब्जी दुकानें



नलखेड़ा। नगर की वर्षों पुरानी हाट बाजार व सब्जी मार्केट की समस्या हल होने का नाम नहीं ले रही है। वर्तमान में जिस स्थान पर हाट बाजार की सब्जी की दुकानें लग रही है वहां कचरे का ढेर लगा हुआ है। दूसरी ओर हाट बाजार में लगने वाली फल-फ्रूट की दुकानें फिर से सड़क पर लगने लग गई है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। नगर में प्रत्येक शनिवार को हाट बाजार लगता है जिसके लिए कोई स्थान आज तक आरक्षित नही हो पाया है। पूर्व में पुरानी कृषि उपज मंडी रोड़ पर हाट बाजार लग रहा था जिसकी दुकानें माँ बगलामुखी मंदिर मार्ग पर भी लगने लग गई थी जिसके कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा था और दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती थी। वही पुरानी मंडी रोड़ तो दिनभर के लिए बंद हो जाता था।

इस समस्या के निदान हेतु नगर परिषद द्वारा कुछ माह पूर्व से हाट बाजार पुरानी कृषि उपज मंडी में लगाना प्रारम्भ कर दिया। कुछ हाट बाजार में सभी दुकानें मंडी प्रांगण में ही लगी लेकिन नगर परिषद की सतत निगरानी नही होने से धीरे धीरे दुकानें वापस मंडी रोड़ पर लगने लगी। गत कुछ शनिवार से हाट बाजार में आने वाली फल-फ्रूट की सभी दुकानें पुरानी कृषि उपज मंडी रोड़ पर लगना प्रारम्भ हो गई। शनिवार को तो हालात इतने बुरे थे कि पहले जैसी स्थिति निर्मित होकर दोपहिया वाहनों के भी निकलने का रास्ता नही बचा था। मुख्य सड़क पर दुकानें लगने से इस मार्ग का यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण में समुचित सफाई नही होने से स्थान स्थान पर कचरे के ढेर लगे हुवे है। शनिवार को इन्ही कचरे के ढेर में सब्जी की दुकानें लगी हुई थी। कचरे व गंदगी में लगी सब्जी दुकानों से जहाँ दुकानदारों को तो परेशानी का सामना करना ही पड़ा वही कचरे में रखी सब्जी से खरीदारों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ सकता है। नगर परिषद को हाट बाजार लगने से पूर्व हाट बाजार मैदान की समुचित सफाई करवाना चाहिए वही पुरानी मंडी रोड़ पर लगनेवाली फल फ्रूट की दुकानों को भी अंदर प्रांगण में लगाना चाहिए जिससे कि यातायात प्रभावित न हो।

पत्रकारों के समर्थन में जनसंपर्क के समाचारों के बहिष्कार का लिया निर्णय

नलखेड़ा। कलेक्टर डॉ. शेरसिंह मीना की कार्यप्रणाली तथा पत्रकारों के प्रति उनके उपेक्षा पूर्ण व्यवहार, संवादहीनता तथा जनसुनवाई जैसे महत्वपूर्ण सरकार के कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों को कवरेज से रोकने जैसे कार्यों से नाराज होकर जिले के पत्रकारों ने उनके स्थानांतरण की मांग के बाद गत 17 सितंबर से जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी किए गए समाचारों के बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। इसके समर्थन में स्थानीय तहसील प्रेस क्लब द्वारा शनिवार को एक प्रस्ताव पास कर नलखेड़ा से भी जनसम्पर्क के समाचारों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि 12 सितंबर को जिले के पत्रकारों ने कलेक्टर के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित करने के बाद 13 सितंबर को आगर दौरे पर आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को ज्ञापन सौंप कर कलेक्टर के स्थानांतरण की मांग की थी। ज्ञापन देने के चार दिन बाद पत्रकारों ने अपने आंदोलन को और तेज करते हुए जनसंपर्क द्वारा जारी किए जाने वाले समाचारों के बहिष्कार का निर्णय लिया था। तब से लेकर अब तक जिला स्तर के पत्रकारों द्वारा जनसम्पर्क के समाचारों का बहिष्कार जारी है। तहसील प्रेस क्लब की बैठक में भी पत्रकारों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक कलेक्टर का स्थानांतरण आगर से अन्यत्र नहीं कर दिया जाता तब तक पत्रकार जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी किए गए समाचारों का पूरी तरह बहिष्कार करेंगे।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, सांसद व संगठन महामंत्री सम्मिलित हुए

जिला स्तरीय मेरे सपनों का भारत सेवा चित्र प्रदर्शनी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों द्वारा बनाए गए मेरे सपनों का भारत चित्रों की जिला स्तरीय प्रदर्शनी मंदसौर के उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित की गई। जिसकी सराहना अतिथियों द्वारा अवलोकन करते हुए की गई। इस अवसर पर महिला बाल विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, सांसद राज्यसभा बंशीलाल गुर्जर, संगठन महामंत्री अजय जामवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, उपाध्यक्ष मनु प्रिया यादव, विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, सुरेश आर्य, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, मदन लाल राठौर, अरविंद सारस्वत, विजय सुराणा, प्रियंका गिरी गोस्वामी, सुनील जैन, विनय दुबेला, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग अंकिता पंड्या, एसडीएम शुभम पाटीदार, सीएसपी जितेंद्र भास्कर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के द्विवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी जाट आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार प्रदर्शनी भी आयोजित की गई जिसका अवलोकन अतिथियो द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजन सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संपूर्ण विश्व की इंसानियत और प्रकृति के लिए कार्य किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों के चित्रों के माध्यम से सशक्त एवं विकसित भारत की तस्वीर दिखती है। संस्कारों पर जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश में ऋषि मुनियों ने देश को पुष्पित एवं पल्लवित किया है। निरंतर प्रयास करते हुए देश को और अधिक विकसित एवं शक्तिशाली बनाना है उन्होंने आगामी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की बात करते हुए कार्यक्रम में बच्चों द्वारा दिए गए उद्बोधन की सराहना की।

कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया ने अपने संबोधन में कहा कि विभाग के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। महिला बाल विकास विभाग बच्चों के पोषण की दिशा में कार्य कर रहा है लोगों को मार्गदर्शन भी दे रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वस्थ विकास की जिम्मेदारी हम सबकी है बच्चों के भविष्य को सुरक्षित एवं संरक्षित करने में हम सबको सहभागिता करनी है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आह्वान भी किया है इसके लिए शासन कृत संकल्पित भी है। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना की। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री निरंतर कार्य कर रहे हैं लगातार जनहित के कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में आयोजित चित्र प्रदर्शनी से दिखता है कि नई पीढ़ी विकसित भारत का संकल्प ले चुकी है ओर यह संकल्प निश्चित रूप से सराहनीय है चित्रो में विद्यार्थियों द्वारा विकसित भारत 2047 की संकल्पना पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए हैं। कार्यक्रम में विधायक चंदरसिंह सिसोदिया उत्कृष्ट विद्यालय के दो विद्यार्थियों द्वारा मेरे सपनों का भारत विषय पर गौरवशाली विचार प्रकट किए गए।

खबर संक्षेप

फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या



देवास। जोशीपुरा इलाके में शनिवार सुबह ठेकेदार शुभम देवतवाल का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। सुबह दादी ऊपर के कमरे में पहुंचीं तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखने पर शुभम पंखे से फंदे पर लटके दिखाई दिए। सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। परिजन शुभम को फंदे से नीचे उतारकर जिला अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। परिजनों के मुताबिक, शुभम लंबे समय से नगर निगम में ठेकेदारी करते थे। वह सिविल के काम करते थे। शुक्रवार रात शुभम गणेश विसर्जन जुलूस देखने गए थे। इसके बाद रात में घर लौटकर सो गए थे। शनिवार सुबह काम करने वाली महिला घर पहुंची। इसी दौरान दादी ऊपर के कमरे में गईं। दरवाजा अंदर से बंद था। खिडक़ी से देखने पर शुभम फंदे से लटके दिखाई दिए। कोतवाली पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतने पर निकाली जाएगी रैली



देवास। एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतने पर जय मीणा के सम्मान में नगर के प्रमुख मार्गों से स्वागत रैली निकाली जाएगी। सॉफ्टटेनिस के कोच गौरव कदम ने बताया कि आईची नागोया जापान में चल रहे 20 वें एशियन गेम्स में भारत(देवास) के जय मीणा ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारत को सॉफ्टटेनिस खेल के इतिहास में पहला पदक (कांस्य पदक) जिताने पर खिलाड़ी एवं भारतीय सॉफ्टटेनिस टीम के कोच सुदेश सांगते विश्वामित्र अवार्डी के सम्मान में 28 सितम्बर सोमवार को सुबह 10 बजे से स्थानीय जवाहर चौक से शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सयाजी द्वार तक भाई भव्य स्वागत रैली निकाली जाएगी। विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने निकलने इस सम्मान रैली में अधिक से अधिक नागरिकों को शामिल होकर रैली को सफल बनाने का आग्रह किया है।

कलेक्टर ने भौंरासा में विभिन्न विकास कार्यों और संस्थानों का किया निरीक्षण

सर्वे कर ग्रामीण क्षेत्र में शामिल करने और नवीन निर्माण पर एफआईआर के निर्देश

दमयंती तालाब के गहरीकरण, कैचमेंट क्षेत्र से तत्काल अतिक्रमण हटाने दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने सोनकच्छ तहसील के भौंरासा प्रवास के दौरान क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों, बुनियादी अधोसंरचना और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता, समय-सीमा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने संजय नगर क्षेत्र का मुआयना करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि संजय नगर का व्यवस्थित सर्वे कराया जाए और क्षेत्र की वर्तमान भौगोलिक स्थिति को दर्ज करने के लिए सैटेलाइट इमेज तत्काल फ्रीज की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि संजय नगर क्षेत्र, उसकी आबादी तथा मतदाताओं को ग्रामीण क्षेत्र में विधिवत शामिल करने की प्रक्रिया समय-सीमा में पूर्ण की जाए, ताकि स्थानीय नागरिकों को मूलभूत शासकीय सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त हो सके। कलेक्टर सिंह ने सख्त चेतावनी दी कि वर्तमान स्थिति दर्ज होने के बाद यदि कोई व्यक्ति शासकीय भूमि पर नवीन निर्माण और अतिक्रमण करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध सीधे एफआईआर दर्ज कर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने दमयंती तालाब का जायजा लिया। उन्होंने तालाब के गहरीकरण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि तालाब के कैचमें क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को फौरन हटाया जाए, जिससे पानी के प्राकृतिक प्रवाह में किसी प्रकार का अवरोध न रहे।ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर सिंह ने ट्रेंचिंग ग्राउंड का जायजा लिया और कचरा निस्तारण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी व वैज्ञानिक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरे से मिट्टी अलग करने वाली पटका मशीन सभी नगर पंचायतों को शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। इसके उपरांत कलेक्टर सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरासा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की ओपीडी, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता और मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों एवं



स्वास्थ्य अमले को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आमजन को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

अवैध वसूली के मामले में कोतवाली पुलिस ने चार आरोपी किए गिरफ्तार

सीसीटीवी से हुई आरोपियों की पहचान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्टेशन रोड पर स्थित शराब दुकान संचालित करने वाले दुकानदार से दुकान चलाने के एवज में रुपये मांगने और मना करने पर गाली-गलौज कर धमकी देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के अनुसार 25 सितंबर की रात करीब 9 बजे स्टेशन रोड पर दुकान संचालित करने वाले फरियादी सतीश कुमार यादव से आरोपियों ने दुकान चलाने के एवज में रुपये की मांग की। फरियादी द्वारा रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की तथा दुकान को नुकसान पहुंचाने और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद फरियादी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत घटना स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रवीण वर्मा, निवासी चामुंडा नगर, सहित अरुण अडसुले, निवासी आदर्श नगर, अंकित भंडारी, निवासी गायत्री नगर और दिनेश उपाध्याय, निवासी आदर्श नगर को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी प्रवीण वर्मा के विरुद्ध पूर्व में भी शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट एवं आपराधिक धमकी सहित अन्य प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया, उनि दीपक मालवीय, उनि जेएस भूरिया, प्रधान आरक्षक मनोज मौर्य, हेमंत डाबी एवं मुकेश तथा आरक्षक वैभव, सुजीत और सोनू की सराहनीय भूमिका रही।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान तहत भौंरासा में जनसमस्याओं का किया गया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तथा स्थानीय स्तर पर उद्योग एवं स्व-रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' के तहत सोनकच्छ तहसील के ग्राम भौंरासा में जनसमस्या निवारण शिविर एवं उद्योग संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक डॉ. राजेश सोनकर, कलेक्टर ऋतु राज सिंह और सीईओ जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे की विशेष मौजूदगी रही। शिविर में सैकड़ों समस्याओं का मौके पर समाधान कर हितलाभ वितरित किए गए, साथ ही साथ विकास और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय और निरीक्षण किए गए।

आयोजित शिविर में विधायक सोनकर एवं कलेक्टर सिंह ने नागरिकों से सीधे रूबरू होकर समस्याएं सुनीं। विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान सरकार की एक संवेदनशील पहल है, जिससे ग्रामीणों को अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट किया कि शिविर में प्राप्त ऐसे आवेदन जिनका मौके पर तत्काल समाधान संभव नहीं हुआ, उन्हें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज किया जा रहा है ताकि विकासखंड के आगामी शिविर से पहले उनका अनिवार्य रूप से निपटारा सुनिश्चित हो सके। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व आवेदन सुविधा दी गई। कार्यक्रम में विधायक और कलेक्टर की उपस्थिति में क्षेत्र के उद्योगपतियों और स्व-सहायता समूहों की 'लखपति दीदियों' के साथ सार्थक 'उद्योग संवाद' हुआ। कलेक्टर सिंह ने बताया कि भौंरासा से टोंक तक एक नया इंडस्ट्रियल एरिया प्रस्तावित है, जिसे एमपीआईडीसी द्वारा विकसित किया जाएगा। उद्योगों की सुचारू कार्यप्रणाली के लिए उन्होंने बिजली विभाग को औद्योगिक क्षेत्रों में ट्रिपिंग की समस्या शून्य करने के सख्त निर्देश दिए। टोल टैक्स में रियायत संबंधी मांग पर भी नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

एफएलएन प्रशिक्षण अंतर्गत विकासखंड के 108 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर कक्षा 1 एवं 2 के शिक्षकों के लिए आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण के तृतीय एवं अंतिम चरण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण में विकासखंड के 108 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता कर एफएलएनकी विभिन्न विषयवस्तुओं एवं प्रभावी शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का मार्गदर्शन बीआरसी बोहरा, आशीष सिसोदिया, प्रफुल्ल द्विवेदी एवं सुभाष मालवीय द्वारा किया गया।प्रशिक्षण में बी.वाई. तिवारी एवं कमल सिंह राजपूत, विक्रम सिंह परमार एवं रमेश चंद्र सोलंकी तथाजगदीश परमार एवं नेहा श्रीवास्तव द्वारा विषयवार प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान देवास डीपीसी सुनील शर्मा ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर सभी प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं से चर्चा की तथा प्रशिक्षण की विषयवस्तु एवं उसके प्रभाव के संबंध में जानकारी ली।

दूध से भरा टैंकर लोडिंग से टकराकर पलटा, हजारों लीटर दूध बहा



देवास। सियापुरा में शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे एक हादसा हुआ। दूध के पैकेटों से भरे लोडिंग वाहन को पीछे से आ रहे दूध के टैंकर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टैंकर लोडिंग वाहन को घसीटता हुआ कुछ दूर तक ले गया। इसके बाद वह डिवाइडर से टकराकर पलट गया। टैंकर का ढक्कन खुलने से उसमें भरा करीब 20 हजार लीटर दूध सडक़ पर बह गया। लोडिंग वाहन में करीब 400 कैरेट दूध के पैकेट थे। उसका चालक सियापुरा के पास वाहन खड़ा करके पंचर ठीक कराने गया था। तभी पीछे से आए टैंकर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद सडक़ पर भारी मात्रा में दूध फैल गया। लोडिंग वाहन के कुछ दूध पैकेट खराब हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन से टैंकर को हटवाया। इस कारण कुछ देर के लिए आवाजाही पर असर पड़ा।

गणेश विसर्जन चल समारोह में शामिल हुईं 87 गणेश प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अनंत चतुर्दशी पर शुक्रवार देर रात तक गणेश विसर्जन चल समारोह शहर के मुख्य मार्ग एमजी रोड से निकला। चल समारोह में 87 झांकियां शामिल हुई, जिसमें देशभक्ति से धार्मिक व सांस्कृतिक झांकियों ने मन मोह लिया। ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के शौर्य की झांकी मुख्य आकर्षण रही। इसे देखने बड़ी संख्या में लोग जुटे। इनमें धार्मिक, सामाजिक और देशभक्ति विषय दिखाए गए। रोशनी और सजावट वाली प्रतिमाओं ने भी लोगों का ध्यान खींचा। शहर के कई इलाकों से लोग समारोह देखने पहुंचे। पूरे रास्ते पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। देर रात तक लोग प्रतिमाओं के दर्शन के लिए रुके। कई जगह फूल बरसाकर स्वागत किया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह, निगम कमिश्नर दलीप कुमार और पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। सुरक्षा, यातायात और भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल तैनात था। कलेक्टर ने बताया, श्रद्धालुओं की सुविधा-सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई।

मामूली बात पर हुए विवाद में हुई चाकूबाजी, एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



खाना खाने के दौरान दो व्यक्तियों में मामूली बात को लेकर हुआ विवाद चाकूबाजी में तब्दील हो गया और चाकू बाजी तक की नौबत आ गई। चाकूबाजी में एक की मौत भी हो गई। पुलिस चौकी चापडा प्रभारी राकेश चौहान ने बताया कि शुक्रवार शाम को ग्राम इकलेरा में दो व्यक्तियों के बीच विवाद हुआ, जिसमें एक की चाकू लगने के कारण मौत हो गई व एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उक्त विवाद में मेहरबान सिंह दरबार की मौत हो गई एवं राजेंद्र पिता समंदर दरबार गंभीर रूप से घायल हुआ है। दोनों के बीच खाना खाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बड़ा हो जाएगा जिसका अनुमान किसी को नहीं था। चौहान ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पर पर राजपूत समाज में कार्यक्रम आयोजित किया गया था,जिसमें दोनों व्यक्ति भोजन करने गए थे, जहां पर यह विवाद हुआ और विवाद हत्या में बदल गया। पुलिस द्वारा उक्त मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

उत्साह से हुई गणपति बप्पा की विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर में उत्साह के साथ 12 दिनों तक गणपति बप्पा की आराधना की गई। शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी पर गणपति बप्पा मोरया..अगले बरस तू जल्दी आ की गूंज के साथ गणपति को विदाई दी। सुबह से ही प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था।प्रतिमाओं को आकर्षक रूप से सजाकर ढोल बैंड के साथ विसर्जन स्थलों तक ले जाया गया। इस अवसर पर नगर के प्राचीन श्री गणेश जी के मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। साथ ही जय श्री महाकाल गणेश उत्सव समिति द्वारा नगर में चल समारोह निकाला गया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। विधि विधान से पूजन कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। ग्राम नयापुरा में चल समारोह के साथ काली सिंध नदी पर पहुंचे जहां पर आरती कर गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

अमलतास यूनिवर्सिटी व इक्काई के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

संस्थापक भदौरिया ने शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



इंडियन कॉलेज ऑफ एलर्जी, एस्थमा एंड एप्लाइड इम्यूनोलॉजी (ICAAI) तथा अमलतास यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में 24 से 27 सितंबर तक आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'ICAAICON 2026' का भव्य एवं सफल शुभारम्भ किया गया। समारोह के दौरान अमलतास ग्रुप के संस्थापक सुरेश सिंह भदौरिया ने राष्ट्रीय आयोजन में आए विशेष अतिथियों तथा सेंट्रल साइंटिफिक एवं कार्यकारिणी कमेटी के शीर्ष विशेषज्ञों—पद्मश्री डॉ. दिगंबर बेहरा, पद्मश्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद, ICAAI अध्यक्ष डॉ. सुरेश कूलवाल तथा ICAAI सचिव डॉ. राज कुमार को स्मृति चिह्न (पदचिह्न) भेंट कर आत्मीय सम्मान किया।

इसके बाद मंचासीन अतिथियों, आयोजकों एवं देशभर से आए वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों ने एक साथ 'ICAAICON 2026' की स्मारिका (Souvenir) का अनावरण किया। स्मारिका विमोचन के बाद आमजन के लिए एक विशेष जन-जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।डॉ. सुरेश कूलवाल को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से नवाजा गया, 6 वरिष्ठ डॉक्टर बने 'लाइफ फेलो'सम्मेलन के दौरान जयपुर के प्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सुरेश कूलवाल (Dr. Suresh Koolwal, Jaipur) को एलर्जी एवं श्वसन चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित 'ICAAI लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। एवं क्रेडेंशियल कमेटी की अनुशंसा पर ICAAI की कार्यकारी परिषद द्वारा वर्ष 2026 के लिए 6 वरिष्ठ डॉक्टरों को लाइफ फेलो के रूप में मनोनीत कर सम्मानित किया गया, जिसमें डॉ. शुभ्रा जैन, डॉ. शेतांशु श्रीवास्तव, डॉ. बाबू लाल जैन, डॉ. सारिका गुप्ता, डॉ. मनीष राय एवं डॉ. भरत अनिल तोषनीवाल शामिल थे। होटल मैरियट, इंदौर के 'जोडीएक हॉल' में शाम 5:30 से 6:30 बजे तक आयोजित इस जागरूकता सत्र में एलर्जी एवं अस्थमा के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आम लोगों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं का वैज्ञानिक व चिकित्सकीय समाधान प्रस्तुत किया। अमलतास विश्वविद्यालय के संस्थापक सुरेश सिंह भदौरिया ने कहा कि बदलते मौसम, धूल, परागकण, डस्ट माइट्स, खान-पान और दवाओं से होने वाली एलर्जी आज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है।

इस जन-जागरूकता सत्र का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को इसके सही कारणों, लक्षणों, आधुनिक निदान और बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना है। ऑर्गनाइजेशन चेयरमैन डॉ. सलिल भार्गव ने बताया कि कार्यक्रम में विशेषज्ञों के व्याख्यान के साथ-साथ एक विशेष सवाल-जवाब सत्र भी शामिल किया गया, जिसमें नागरिकों ने एलर्जी से जुड़ी अपनी व्यक्तिगत समस्याओं और भ्रांतियों पर सीधे विशेषज्ञ डॉक्टरों से सवाल पूछकर उचित सलाह प्राप्त की।समारोह में अमलतास यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. आर.के. सिंह, तथा कॉलेज डीन डॉ. ए.के. पीठवा सहित देश-विदेश से पधारे 500 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक व शोधार्थी गरिमामयी उपस्थिति में शामिल रहे।

एक विद्यार्थी-एक वृक्ष अभियान में 156 पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



पर्यावरण संरक्षण को विद्यार्थियों से जोड़ने के उद्देश्य से टीएसीसी लिमिटेड द्वारा शासकीय हाई स्कूल फावड़ा में 'एक विद्यार्थी-एक वृक्ष' अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत विद्यालय की बाउंड्रीवॉल के आसपास 156 पौधों का रोपण किया गया। प्रत्येक पौधे पर संबंधित विद्यार्थी के नाम की नेम प्लेट लगाकर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी विद्यार्थी को सौंपी गई।कार्यक्रम में टीएसीसी लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी रमेश खेतान का प्राचार्य बी.एल. मंडलोई ने शॉल एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। डॉ. सतीश सैनी ने अभियान के उद्देश्य और वृक्षों के पर्यावरणीय महत्व की जानकारी विद्यार्थियों को दी।प्राचार्य बी.एल. मंडलोई ने कहा कि विद्यार्थियों को पौधों की जिम्मेदारी देने से उनमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना विकसित होगी। इस दौरान महेश सोनवने ने बताया कि वर्ष 1995 में विद्यालय में लगाया गया एक पौधा आज विशाल वृक्ष बन चुका है। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद उस पौधे को वृक्ष के रूप में देखकर गर्व और संतोष होता है।कार्यक्रम में तीन प्रतिभावान विद्यार्थियों को रमेश खेतान ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन महेश कुमार देवड़ा ने किया। इस अवसर पर धनसिंह सेंधव, कोकसिंह ठाकुर तथा टीएसीसी लिमिटेड से संजय गैरोला, महेश सोनवने, अभ्युदय शर्मा, राजेश मलिक, जयवर्धन सिंह राठौड़, अमरजीत सिंह एवं अभिनव पोखरियाल उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद की बैठक आज

ललितपुर। उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद की मासिक बैठक 27 सितंबर को आयोजित की जाएगी। बैठक योगानन्द आश्रम में सुबह 10.30 बजे से शुरू होगी। परिषद की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि बैठक में परिषद से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया जाएगा। इस दौरान सदस्य अपने सुझाव और विचार भी रख सकेंगे।

जानवरों के विवाद में महिला से मारपीट

ललितपुर। थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम लुहर्रा में जानवरों को हांकने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर चार लोगों ने एक महिला के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। ग्राम लुहर्रा निवासी किन्ताबाई पत्नी राजन सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 सितंबर 2026 की शाम करीब छह बजे वह अपने घर के बाहर जानवरों को हांक रही थीं। इसी दौरान गांव के ही राजभान पुत्र सेवक, देवसिंह पुत्र सेवक, रामकुंवर पत्नी राजभान और सुनीता पत्नी देवसिंह वहां पहुंच गए। चारों लोग उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट करने लगे। हमले से महिला को चोटें आईं। शिकायत के आधार पर मड़ावरा थाना पुलिस ने राजभान, देवसिंह, रामकुंवर और सुनीता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

ट्रेनों में सामान पर चोरों ने किया हाथ साफ

ललितपुर। ललितपुर रेलवे स्टेशन के जीआरपी थाना क्षेत्र में चलती ट्रेनों में यात्रियों के सामान चोरी होने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। दोनों घटनाएं 7 सितंबर की बताई गई हैं। यात्रियों के सोने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने उनके बैग पार कर दिए। मामलों में जीआरपी ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना ट्रेन नंबर 22404 पांडिचेरी एक्सप्रेस में हुई। नागपुर, महाराष्ट्र निवासी मो. इयूसुब कुरैशी पुत्र याकूब कुरैशी अपनी पत्नी के साथ नई दिल्ली से नागपुर की यात्रा कर रहे थे। दोनों कोच एस-06 की बर्थ संख्या 01 और 02 पर सवार थे। उन्होंने अपनी पत्नी का काले रंग का हैंडबैग सिर के पास रखा था। यात्रा के दौरान दोनों सो गए। सुबह करीब 5.50 बजे ललितपुर रेलवे स्टेशन के पास नींद खुलने पर हैंडबैग गायब मिला। हैंडबैग में सिल्वर रंग का ओप्पो मोबाइल फोन, एयरटेल सिम, 1,500 रुपये नकद, तीन घड़ियां, एक चांदी की अंगूठी और एक छोटा पर्स रखा था। पर्स में आधार कार्ड, वोटर कार्ड, बैंक के एटीएम कार्ड, मेट्रो कार्ड सहित मेकअप का सामान था। दूसरी घटना ट्रेन नंबर 12138 पंजाब मेल एक्सप्रेस में हुई। दिल्ली कैंट निवासी राकेश कुमार महतो पुत्र फूलन महतो नई दिल्ली से नासिक रोड की यात्रा कर रहे थे। वह ट्रेन के बी-02 कोच की बर्थ संख्या 39 पर सवार थे। पिटटू बैग सीट के नीचे रखा था सो गए। दोपहर करीब 2.20 बजे ललितपुर स्टेशन के पास उनकी आंख खुली तो सीट के नीचे रखा पिटटू बैग गायब मिला।

नगर पालिका कर्मचारियों ने डीएम को कार्रवाई के लेकर सौंपा ज्ञापन

नगर पालिका अध्यक्ष पर अमर्यादित फेसबुक टिप्पणी से कर्मचारियों में रोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों में आक्रोश है। कर्मचारियों ने मामले को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए संबंधित फेसबुक यूजर के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

कर्मचारियों की ओर से दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि एक फेसबुक यूजर द्वारा 24 सितंबर 2026 को नपाध्यक्ष के संबंध में एक पोस्ट की गई। ज्ञापन कें अनुसार पोस्ट में अध्यक्ष को संबोधित करते हुए आप नगर पालिकाध्यक्ष हैं, जूही चावला नहीं, एक्टिंग बंद कीजिए जैसी टिप्पणी की गई। नगर पालिका कर्मचारियों का कहना है कि उक्त टिप्पणी व्यक्तिगत स्तर पर आपत्तिजनक होने के साथ ही एक महिला जनप्रतिनिधि के सम्मान और पद की गरिमा से जुड़ा मामला है। कर्मचारियों ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा शहर में सफाई व्यवस्था, घाटों की सफाई, धार्मिक आयोजनों की व्यवस्थाओं और नागरिक सुविधाओं को लेकर लगातार स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने दावा किया कि अध्यक्ष सुबह से लेकर देर रात तक विभिन्न घाटों एवं धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रही थीं। कर्मचारियों के अनुसार, ऐसे कार्यों को लेकर सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी से नगर पालिका के कर्मचारियों में नाराजगी है। कर्मचारियों ने जिलाधिकारी से मांग की कि फेसबुक पर की गई उक्त पोस्ट का संज्ञान लेते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट एवं महिला गरिमा से संबंधित प्रावधानों के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी जनप्रतिनिधि, विशेषकर महिला जनप्रतिनिधि के खिलाफ इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सोशल मीडिया पर निगरानी और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया, विनीत बाबा, कुंजबिहारी बावरा, अमित कुमार रिंकू, आदर्श करोसिया, अजय कुमार, सनी बावरा, विक्की, अभिषेक, बृजेश कुमार, विक्रम घावरी, जिनेन्द्र करोसिया, दीपक घावरी समस्त नगर पालिका सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

पैर-सिर में फ्रैक्चर, झांसी में इलाज जारी

हाईवे किनारे खेत जा रही थी, तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से महिला गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टेटा में हाईवे किनारे एक तेज रफ्तार ट्रक ने खेत की ओर जा रही महिला को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए पहले जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां उनका उपचार जारी है। घायल के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम टेटा निवासी लटोरा पुत्र थोवन कुशवाहा ने तहरीर में बताया कि उनकी मां रामप्यारी पत्नी थोवन कुशवाहा 24 सितंबर 2026 को सुबह करीब 9.30 बजे घर से खेत की ओर जा रही थीं। वह हाईवे के किनारे अपनी निर्धारित साइड से पैदल जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक संख्या आर.जे. 11 जी.डी. 6712 के चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामप्यारी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसे में उनके पैर और सिर में फ्रैक्चर बताया गया है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत में रामप्यारी को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उनकी हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, महिला का झांसी में उपचार चल रहा है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि हादसे के बाद वे घायल रामप्यारी के इलाज और अस्पताल की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहे। इसी कारण घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने में कुछ देरी हुई। इसके बाद उसके बेटे ने तालबेहट कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। तालबेहट पुलिस ने ट्रक संख्या आर.जे. 11 जी.डी. 6712 के अज्ञात चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

घर में घुसकर महिला से छेड़खानी और मारपीट का आरोप

ललितपुर। चांदमारी स्थित वसुंधरा कॉलोनी निवासी रानी पत्नी राज सिंह ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र देकर तीन लोगों पर घर में घुसकर अभद्रता, मारपीट, छेड़खानी और जेवर छीनने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। रानी ने बताया कि 23 सितंबर की रात करीब नौ बजे वह अपने आवास पर अपनी वृद्ध सास बिमला देवी के साथ मौजूद थी। उस समय उसके पति घर पर नहीं थे। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोग उसके घर में घुस आए और उसके साथ गाली-गलौज व अभद्रता करने लगे। आरोपियों ने उसके पति से पैसे लेने की बात कहते हुए उससे पैसे देने की मांग की। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। इसी दौरान आरोपियों ने उसके साथ छेड़खानी की तथा उसके और उसकी वृद्ध सास के साथ मारपीट की, जिससे दोनों को चोटें आईं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान कन्हैया ने उसके गले से मंगलसूत्र छीन लिया, जबकि साथ आए अज्ञात व्यक्ति ने उसके कानों के झुमके और वज्र माला छीन ली। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में घटना की जांच कर नामजद एवं अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मंत्रोच्चार से भक्तिमय हुआ वातावरण

नरसिंह मंदिर घाट पर पितरों का आह्वान पूर्वजों की आत्मशांति के लिए की प्रार्थना



पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने की यह परंपरा नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और संस्कृति से जोड़ने का भी माध्यम है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नरसिंह मंदिर की पावन घाट पर शनिवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने पितरों एवं पूर्वजों का स्मरण करते हुए विधि-विधान के साथ उनका आह्वान किया और श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार तथा धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही परिवार में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के साथ समाज एवं राष्ट्र के कल्याण की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने धार्मिक परंपराओं के अनुसार पितरों का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना था कि पितरों का स्मरण सनातन परंपरा और भारतीय संस्कारों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने की यह परंपरा नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और संस्कृति से जोडने का भी माध्यम है। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ शामिल हुए। वैदिक मंत्रों के उच्चारण और पूजा-अर्चना से नरसिंह मंदिर घाट का वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय नजर आया। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने पितरों को स्मरण करते हुए उनकी कृपा परिवार पर बनी रहने की प्रार्थना की।

पाइपलाइन खुदाई के बाद सड़क कीचड़ व मिट्टी के ढेर से 40 दिन से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शहर के चौकाबाग बड़ी नहर हाईवे रोड स्थित वार्ड नंबर-14 में जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने के लिए की गई सड़क की खुदाई के बाद मार्ग करीब 40 दिनों से बदहाल पड़ा है। बारिश के बाद सड़क पर कीचड़ और जलभराव होने से स्थानीय लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। हालात यह हैं कि मार्ग से पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक पाइप लाइन डालने के लिए सड़क की खुदाई की गई थी। कार्य पूरा होने के बाद भी सड़क को व्यवस्थित नहीं कराया गया। करीब 40 दिन बीत जाने के बावजूद मार्ग पर मिट्टी के ढेर और गडढे बने हुए हैं। बारिश होने पर इन गडढों में पानी भरने के साथ ही पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है। मार्ग की बदहाली के कारण स्थानीय लोगों का दैनिक आवागमन प्रभावित है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को इस रास्ते से निकलने में सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी प्रतिदिन इसी खराब मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। कीचड़ और फिसलन के कारण हादसे की आशंका भी बनी रहती है।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि सड़क की खुदाई के बाद उसे दोबारा आवागमन योग्य बनाना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है, लेकिन लंबे समय से इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सड़क पर जमा मिट्टी और कीचड़ के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश के दौरान मार्ग पर जलभराव होने से समस्या और गंभीर हो गई है। पानी और कीचड़ के बीच से निकलना स्थानीय लोगों के लिए चुनौती बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो लगातार बारिश के दौरान स्थिति और खराब हो सकती है। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर मौके का निरीक्षण कराने की मांग की है। लोगों ने सड़क पर पड़े मिट्टी के ढेर हटवाने, जलभराव की समस्या दूर कराने तथा मार्ग को जल्द से जल्द आवागमन योग्य बनाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका और संबंधित विभाग आपसी समन्वय से सड़क की स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक कार्रवाई करें, ताकि वार्डवासियों के साथ-साथ स्कूली बच्चों और राहगीरों को भी राहत मिल सके। करीब 40 दिनों से परेशानी झेल रहे लोगों ने अब प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

घर में घुसकर बुजुर्ग से लाठी-डंडों से मारपीट, धमकी देकर आरोपी फरार

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्र के ग्राम करमरा में घर में बैठे करीब 60 वर्षीय बुजुर्ग के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने बुजुर्ग के घर में घुसकर पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। तहरीर पर पाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम करमरा निवासी दुर्जन सिंह पुत्र सुम्मेर सिंह लोधी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 सितंबर 2026 की शाम करीब 5.30 बजे वह अपने घर में बैठे हुए थे। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला मनोज पुत्र हरनाम सिंह लोधी उनके घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। जब उन्होंने आरोपी को गाली देने से मना किया और इसका विरोध किया तो वह आक्रोशित हो गया। आरोप है कि मनोज ने लाठी-डंडों से दुर्जन सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में बुजुर्ग को चोटें आईं। मारपीट करने के बाद आरोपी ने दुर्जन सिंह को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। शिकायत पर थाना पाली पुलिस ने आरोपी मनोज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

रास्ते में रोककर युवक से मारपीट, कुल्हाड़ी लहराकर दी जान से मारने की धमकी

आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसों से मारपीट की।

ललितपुर। थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम पुराखुर्द में रास्ते में एक युवक को रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए उसे जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसों से मारपीट की। इसके बाद हाथ में कुल्हाड़ी लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पुराखुर्द निवासी सोनू पुत्र पारीक्षत प्रजापति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 सितंबर 2026 की शाम करीब सात बजे वह अपने घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही रामस्वरूप यादव पुत्र रतन सिंह यादव ने उसे रोक लिया। आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के बाद रामस्वरूप यादव ने हाथ में कुल्हाड़ी लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। सोनू ने पुलिस को बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति है, जबकि आरोपी दबंग प्रवृत्ति का है। घटना के बाद से उसे और उसके परिवार को खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस से मामले में कार्रवाई करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। तहरीर के आधार पर थाना पूराकलां पुलिस ने आरोपी रामस्वरूप यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

मेले में 25 कंपनियां देंगी रोजगार

28 को लगेगा रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेला

ललितपुर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधानसभा वार रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा ललितपुर के अंतर्गत 28 सितंबर 2026 को रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी वशीम मुहम्मद ने बताया कि रोजगार मेले में देश एवं प्रदेश की प्रतिष्ठित लगभग 25 कंपनियों के प्रतिभाग करने की संभावना है। इन कंपनियों में विभिन्न पदों पर रोजगार के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं परास्नातक के साथ ही आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा तथा बीटेक की शैक्षिक योग्यता रखने वाले तकनीकी एवं गैर-तकनीकी अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। रोजगार मेले में शामिल होकर साक्षात्कार देने के लिए अभ्यर्थियों को पहले रोजगार संगम पोर्टल अथवा ऐप के माध्यम से जॉब सीकर के रूप में अपना पंजीयन कराना होगा।

पंजीयन के बाद अभ्यर्थी को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली अपनी इच्छित कंपनी में उपलब्ध संबंधित जॉब के लिए आवेदन करना भी आवश्यक होगा। जिला सेवायोजन कार्यालय ने अभ्यर्थियों को विशेष रूप से सावधान करते हुए कहा है कि सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कंपनियों की चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क होती है। नियुक्ति से पहले या बाद में अभ्यर्थियों से किसी प्रकार के रुपये अथवा सिक्योरिटी डिपॉजिट की मांग नहीं की जाती है। अभ्यर्थियों से यदि किसी व्यक्ति, कंपनी या फोन कॉल के माध्यम से नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये अथवा सिक्योरिटी डिपॉजिट की मांग की जाती है तो ऐसे दावों पर विश्वास कर ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन किसी भी माध्यम से धनराशि जमा न करें।

विहान बालक आवासीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम किया

स्थानीय पौष्टिक भोजन अपनाने का संकल्प

90 बच्चों और स्टाफ ने ली सामूहिक शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के अंतर्गत कनक जन कल्याण समिति एवं फोर्सेस उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में विहान बालक आवासीय विद्यालय (नि.श्र.), ललितपुर में विशेष पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों को पैक्ड जंक फूड और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया।

अध्यक्षता करते हुए कनक जन कल्याण समिति अध्यक्ष जयेश बादल ने बच्चों को चिप्स, बिस्कुट, नूडल्स और कोल्ड ड्रिंक्स जैसे पैक्ड जंक फूड के अत्यधिक सेवन से होने वाले नुकसान बताए। उन्होंने बच्चों से स्थानीय और पौष्टिक खाद्य पदार्थों को अपने भोजन में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने सत्तू, भुना चना, गुड़, दलिया और मौसमी फलों को बेहतर विकल्प बताते हुए संतुलित आहार अपनाने पर जोर दिया। विशेषज्ञ के रूप में किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के काउंसलर राजेन्द्र मिश्रा ने किशोरावस्था में संतुलित आहार और पर्याप्त पोषण के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा खान-पान को लेकर जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के वार्डन नबी बख्श, अध्यापक राजकरन वर्मा, हरिकृष्ण मानव, प्रीति आनंद, प्रियंका नामदेव, हरिओम चौरसिया तथा लेखाकार रितेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उपस्थित 90 बच्चों एवं स्टाफ ने पैक्ड जंक फूड का सेवन कम करने और स्थानीय पौष्टिक भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सामूहिक शपथ ली। आयोजकों ने कहा कि बच्चों में पोषण को लेकर जागरूकता बढ़ाना स्वस्थ समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



खाकरौन तिगैला के पास आमने-सामने से भिड़ गईं दो बाइकें, युवक की मौत

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र में खाकरौन तिगैला के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के लिए झांसी ले जाते समय मौत हो गई। हादसे में युवक के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पुरा धनकुआ निवासी सुनीता पत्नी स्वर्गीय कडोरी अहिरवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति कडोरी अहिरवार 8 सितंबर 2026 की शाम करीब 7 बजे अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 एन 7949 से खाकरौन स्थित अपनी बहन के घर से वापस गांव पुरा धनकुआ लौट रहे थे। बताया गया कि जब वह खाकरौन तिगैला से करीब एक किलोमीटर आगे आम के पेड़ और सड़क किनारे किलोमीटर पत्थर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही स्पलेंडर मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.बी. 7514 के अज्ञात चालक ने कथित रूप से तेज गति और लापरवाही से बाइक चलाते हुए गलत दिशा में आकर कडोरी की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।

दोनों मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में कडोरी अहिरवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के दौरान पीछे से आ रहे गनेश अहिरवार निवासी टीला, बार और दिनेश निवासी सूरीकलां, बानपुर मौके पर पहुंचे। स्थानीय राहगीरों की मदद से घायल को डायल 112 की सहायता से जिला चिकित्सालय ललितपुर पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने कडोरी को झांसी रेफर कर दिया। पत्नी सुनीता एंबुलेंस से घायल पति को लेकर झांसी जा रही थीं। इसी दौरान मन्नू पेट्रोल पंप के पास कडोरी की हालत अचानक बिगड़ गई। एंबुलेंस में मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

ई-रिक्शा से नगर भ्रमण कर राज्यमंत्री डॉ. टेटवाल ने नागरिकों से किया संवाद

स्वच्छता, हरित व प्रदूषणमुक्त परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री एवं सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को ई-रिक्शा से नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सीधे संवाद कर स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषणमुक्त परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

नगर भ्रमण के दौरान डॉ. टेटवाल ने नागरिकों से उनकी समस्याओं, सुझावों एवं स्थानीय मुद्दों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा जैसे पर्यावरण-अनुकूल परिवहन साधनों को अपनाना ईंधन की बचत के साथ प्रदूषण कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों से ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने तथा स्वच्छ एवं हरित परिवहन के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ. टेटवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। स्वच्छ एवं हरित परिवहन को बढ़ावा देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर और प्रदूषणमुक्त वातावरण तैयार किया जा सकता है।



गणेश पंडालों की साज सज्जा ने शहर को आकर्षित किया, आस्था का माहौल बना रहा

शहर में धूमधाम से मनाये गए 10 दिवसीय गणेशोत्सव का विर्सजन के साथ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर में गणेश चर्तुथी से शुरू हुए दस दिवसीय गणेशोत्सव का शुक्रवार को विर्सजन से साथ समापन हो गया है। इस दौरान नगर में जगह-जगह बाल मंडलियों सहित बड़ी समितियों द्वारा गणेश पंडालों की साज सज्जा कर शहर को आकर्षक के साथ आस्था का माहौल बना दिया। इस दौरान शहर के पीपल चैराहे, एसडीएम निवास, मुलतानपुरा, सुठालिया रोड़, राजगढ़ रोड, मेन ए.बी. रोड, आदर्ष कालौनी, शहीद कालौनी, विद्यार्थी नगर, स्वरूप नगर सहित सैकड़ों स्थानों पर गणेष पांडाल बनाए गए थे।



विद्यार्थी नगर में हुआ भंडारे का आयोजन

वहीं, शहर के बस स्टैंड के पास स्थित विद्यार्थी नगर में भी श्री गणेशोत्सव पर्व का दस दिन तक धूमधाम से मनाया गया। गणेषजी के विर्सजन के एक दिन पहले गणेष पांडाल में संगीतमय सुंदरकाण्ड का आयोजन कर विषाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। इस अवसर पर बाल गणेष मंडली के रामकरण तंवर, जयंत शर्मा, राहुल तंवर, गोविंद यादव, बलराम यादव, आदित्य यादव, नमन यादव, मंयक यादव, केषव मीणा, अथर्व राजपूत सहित दर्जनों छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थीनगर के रहवासियों के सहयोग से विशाल आयोजन उत्साह के साथ मनाया। जिसमें महिला-पुरुषों ने भी प्रतिदिन होने वाली आरती में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

कलेक्टर, एसपी ने मूर्ति विसर्जन स्थलों का लिया जायजा



राजगढ़। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जिले में मूर्ति विसर्जन को लेकर की गई व्यवस्थाओं का कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने नरसिंहगढ़ एवं कुरावर में निरीक्षण किया। उन्होंने विसर्जन स्थलों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मूर्ति विसर्जन स्थल पर सुरक्षा, प्रकाश, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यावरा-नरसिंहगढ़ गोविंद दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

गणेश उत्सव संपन्न, राज्य मंत्री टेटवाल ने मिट्टी की प्रतिमा का किया विसर्जन, पर्यावरण का दिया संदेश



सारंगपुर। दस दिवसीय गणेश उत्सव शुक्रवार को विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। नगर में छोटे बड़े दर्जनों पंडालों में विराजित गणेश जी की महा आरती की गई। विभिन्न गणेश उत्सव समिति के द्वारा गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया।प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगर में सुरक्षा चाक चैबंद रही वही विसर्जन कुंड से लेकर कपिलेश्वर तीर्थ धाम स्थित कालीसिंध नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने मिट्टी से बनी प्रतिमा का विधि विधान के साथ पूजन कर विसर्जन किया वहीं हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा सभी गणेश पंडालों में पहुंचकर गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए प्राप्त सुरक्षा व्यवस्था की बात कही ।गणेश विसर्जन के साथ ही देर रात आकर्षक झाकियों के जुलूस में शामिल होने की हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ने अपील की।

होली एंजल्स स्कूल की शिवानी मीणा ने वुशु में जीता गोल्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

जबलपुर में 21 से 25 सितंबर तक आयोजित 70वें एमपी स्कूल गेम्स एसजीएफआई में कुरावर की छात्रा शिवानी मीणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 वुशु प्रतियोगिता के 56 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। शिवानी की इस उपलब्धि से कुरावर नगर के साथ ही पूरे भोपाल संभाग का नाम रोशन हुआ है। शिवानी मीणा रामकेश मीणा की बेटी हैं और होली एंजल्स किड्स एकेडमी, कुरावर की छात्रा हैं। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के पीछे शिवानी की कड़ी मेहनत, परिवार का सहयोग और स्कूल के फिजिकल एजुकेशन टीचर एवं कोच रवि टमोली और धर्मेश बबानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लगातार राज्य स्तरीय प्रतिभाएं तैयार कर रहा स्कूल

होली एंजल्स स्कूल द्वारा खेल प्रतिभाओं को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्कूल की ओर से पूर्व में भी विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने उपलब्धियां हासिल की हैं। सत्र 2025-26 में सौम्या सिंह ने रेसलिंग में, जबकि सत्र 2024-25 में जेन्स जेस्टिन ने ताइक्वांडो में पदक हासिल किया था। अब सत्र 2026-27 में शिवानी मीणा ने वुशु में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया है।षिवानी की सफलता पर जिला षिक्षा अधिकारी, खेल अधिकारी एवं संकुल प्रभारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्वल भविष्य की षुभकामनाएं दीं। शिवानी की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

खबर संक्षेप

सांसद गुर्जर व नपा अध्यक्ष रमा देवी ने अनंत चतुर्दशी पर प्रसादी वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की

मंदसौर। राज्यसभा सांसद व भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर व नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने अनंत चतुर्दशी पर्व पर मंदसौर नगर में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के द्वारा लगाये गये सेवा स्टालों पर पहुंचकर प्रसादी वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। नई आबादी जिला सहकारी बैंक से लेकर आजाद चौक घंटाघर तक पूरे मार्ग का भ्रमण करते हुये भाजपा के पदाधिकारियों, पार्षदगणों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सांसद गुर्जर व नपाध्यक्ष रमा देवी गुर्जर ने भगवान श्री गणेश जी के विसर्जन हेतु निकाली गयी झांकी के चल समारोह का निरीक्षण किया और विभिन्न संस्थाओं के द्वारा लगाये गये सेवा स्टाल पर प्रसादी वितरण में भी भागीदारी की। इस अवसर पर भाजपा नेता गण साथ थे।महिला नेत्री निर्मला गुप्ता, रानु भावसार, भाजपा नेता मुकेश खमेसरा, मुकेश काला, अजयसिंह चौहान, अरविंद सारस्वत, विनोद डगवार, दीपमाला मकवाना, हितेश शुक्ला, नरेन्द्र बंधवार, पुष्पेन्द्र भावसार, कन्हैयालाल सोनगरा, शिवनारायण गुर्जर, प्रदीप सोनी सहित कई कार्यकर्तागण भी साथ थे।



आंगन मिलन और स्वास्थ्य गतिविधियों का आयोजन

मन्दसौर। साबाखेड़ा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2 और 3 में सेवा संकल्प अभियान के तहत अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के सरपंच परमानंद धनगर उपस्थित रहे।
आयोजन के दौरान स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी जानकारी देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। इस दौरान ग्राम सरपंच परमानंद धनगर द्वारा क्षेत्र की तीनों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं कल्पना चावड़ा, भावना सुनार्थी, ललिता ननामा और सहायिकाओं के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एएनएम शैलू चौहान, आशा कार्यकर्ताओं, मातृ सहयोगिनी समिति की सम्मानित सदस्यों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और प्यारे बच्चे मौजूद रहे।

अनन्त चतुर्दशी पर सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में गूंजे गणपति बप्पा के जयकारे

मन्दसौर। अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, मंदसौर में गणपति बप्पा की भव्य महाआरती का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षणार्थियों ने सामूहिक रूप से महाआरती में सहभागिता की। महाआरती के दौरान संपूर्ण महाविद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। महाविद्यालय परिसर में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंज उठे। आयोजन ने सभी के मन में श्रद्धा, एकता, उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। प्रशिक्षणार्थियों एवं सभी शिक्षकों ने श्रद्धापूर्वक भगवान गणेश की आरती कर सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। आरती के पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सहसचिव एवं सरस्वती विहार के प्रबंधक सुनील शर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को गणपति उत्सव की बधाई दी।

पीस पोस्टर प्रतियोगिता में आज 200 बच्चे देंगे मानवता में सद्भाव का संदेश

मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर, लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड एवं लायंस क्लब मंदसौर डायनामिक के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय लायंस पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन आज 27 सितम्बर, रविवार को नूतन हाई स्कूल, मंदसौर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मंदसौर शहर के साथ-साथ पिपलियामंडी, बही, दलौदा एवं सीतामऊ क्षेत्र के चयनित विद्यार्थी भी सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थी भाग लेकर प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ समाज में सद्भाव, शांति और आपसी सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना है। लायंस क्लब मंदसौर के अध्यक्षगण लायन डॉ. के.सी. श्रीमाल, लायन मनोज मित्तल एवं लायन सुमित्रा चौधरी ने बताया कि पीस पोस्टर प्रतियोगिता लायंस इंटरनेशनल का महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से बच्चों को अपनी कल्पना और कला के जरिए विश्व शांति एवं मानवता का संदेश देने का अवसर मिलता है।

सुवासरा पोरवाल समाज के निर्वाचन आज

सुवासरा/मंदसौर । स्थानीय पोरवाल समाज की इकाई के तीन वर्ष के अंतराल के बाद आज 27 सितंबर को स्थानीय पोरवाल परिणय रिसोर्ट में चुनाव संपन्न होंगे । चुनाव से पूर्व सर्वानुपति का प्रयास किया किंतु बात नहीं होते हुए समाज में चुनाव की प्रक्रिया की गई है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए , रामगोपाल काला , दिनेश कुमार फरक्या संदेश गुप्ता, गिरजा शंकर दानगढ़ मैदान में हैं। सचिव पद पर श्याम सुंदर मुन्या, अशोक मुन्या, राजकुमार मुजावदिया व कोषाध्यक्ष पद हेतु जुगल किशोर वेद, पंकज मुजावदिया , राधेश्याम फरक्या कुल मिला के 10 उम्मीदवारों का फैसला पोरवाल समाज के मतदाता द्वारा किया जाएगा । पोरवाल समाज के मतदाता को उम्मीदवारों ने अपने-अपने घोषणा पत्र समाज के ग्रुप में डाले हैं। समाज को एकजुट , शिक्षित, और आर्थिक विकास , संस्कार, जैसे कहीं वादे किए गए हैं। अब देखना है कि पोरवाल समाज इनमें से किन पर भरोसा करता है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि चुनाव प्रातः 11:00 से मतदान शुरू होगा जो 3:00 बजे तक चलेगा 3:00 बजे के बाद 4:00 बजे से मतगणना होगी और मतगणना के पश्चात परिणाम उसी समय घोषित कर दिया जाएगा।

केशव सत्संग में स्वामी सनिष्ठानंद महाराज के चार्तुमास का समापन

सत्संग को अपने जीवन में उतारें, सनातनी परंपरा को न छोड़ें: स्वामी सनिष्ठानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

केशव सत्संग भवन खानपुरा में परम पूज्यपाद 1008 स्वामी श्री सनिष्ठानंद जी महाराज का दिव्य चातुर्मास अध्यात्म सत्संग का भव्य आयोजन 29 जुलाई से प्रारंभ हुआ था जिसका समापना 26 सितंबर शनिवार को हुआ।

समापन अवसर पर धर्मसभा में सनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि जो सत्संग आप सभी ने दो माह से सुना उसे अपने जीवन में उतारें और सदैव दुष्विचारों से दूर रहे और सकारात्मक विचारों को अपने जीवन में लायें ताकि सकारात्मकता से जीवन खुशहाली से चल सके। आपने कहा कि विपरित विचारों को त्यागे तभी जीवन में आगे बढ पायेंगे। सनातनी परंपरा को नहीं छोड़े आज हमारी युवा पीढी पश्चिमी सभ्यता की ओर आकर्षित हो रही है



जो कि गलत है हमें हमारी युवा पीढी को सनातनी परंपरा से अवगत कराना होगा क्योंकि हमारी सनातनी परंपरा और संस्कृति बहुत प्रभावशाली और महान है। आपने कहा कि हमें धन, ज्ञान किसी का भी अभिमान नही करना चाहिए यदि सत्संग सुनकर भी हम अभिमान करते है तो हमारा सत्संग सुनने का कोई अर्थ नहीं है। हमें अपने धर्म और कर्म के प्रति सजग रहना चाहिए।

समापन अवसर पर धर्मसभा में केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश चंद्र सेठिया ने कहा कि शास्त्र बहुत विशाल होते है उन्हें पढना और समझना हर किसी के बस में नहीं होता है इसलिए महापुरूष आते है और हमें शास्त्रों का सार सरल भाषा में समझाते है इसी प्रकार स्वामी जी ने हमें दो माह तक शिवमहापुराण के गौड़ रहस्यों से अवगत कराया इसके लिए स्वामी जी का बहुत - बहुत धन्यवाद केशव सत्संग भवन हमारे पुर्वजों का लगाया हुआ एक बगीचा है जो संतों के आने से फलता फुलता रहता है। इस अवसर पर केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश चंद्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी एवं अन्य ट्रस्टीयों और उपस्थित भक्तों ने स्वामी जी का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। अंत में आभार कारूलाल सोनी ने माना।

गुणी व्यक्तियों के गुणों को देखो, दोषों को नहीं: श्री प्रत्यक्षरत्नविजय जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



धर्मबिन्दु ग्रंथ में भी हरिभद्रसूरी जी म.सा. ने सामान्य धर्म व विशिष्ट धर्म होने की महत्ता बताते हुए श्रावक-श्राविकाओं को निंदा से बचने तथा गुणीजनों के गुणों से प्रेरणा लेने की बात कही है। मानव का जीवन कैसा हो इस पर चर्चा करते हुए शास्तकार जी ने शिष्ठ चरित्र वाले व्यक्तियों के गुणों से सीखने व उनकी प्रशंसा करने को कहा है। साथ ही उन्होंने दूसरों की निंदा नहीं करने की भी बात कही है। निंदा करने से जीवन में व्यर्थ समय बर्बाद होता है तथा अनावश्यक पाप कर्म का बंध होता है। हमें निंदा करने से सदैव बचना चाहिए।

उक्त उद्गार प.पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा. ने राजेन्द्र विलास जीवागंज में आयोजित व्याख्यान (धर्मसभा) में कहे। आपने शनिवार को यहां धर्मसभा में कहा कि जो श्रेष्ठ पुरुष हैं अर्थात उत्तम गुण वाले हैं हमें उनकी प्रशंसा करनी चाहिए तथा उनके गुणों से सीखना चाहिए। आपने कहा कि कई बार हम अनावश्यक रूप से किसी की भी निंदा करने लगते हैं जो कि उचित नहीं है। निंदा करते समय तो आनंद देता है लेकिन उस निंदा रूपी कर्म का पाप कर्म हमें दुख ही देगा। जीवन में हमें निंदा करने से सदैव बचना चाहिए। धर्मसभा में प.पू. श्री पवित्ररत्नविजय जी म.सा. ने भी अपने विचार रखे।

खाचरोद श्रीसंघ आया, दर्शन वंदन का लिया धर्मलाभ, बहुमान किया गया-खाचरोद श्रीसंघ से 22 सदस्यीय दल कल संतों के दर्शन वंदन व प्रवचन श्रवण करने जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास पहुंचा।

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु निकलीं शोभायात्राएं, श्रद्धालुओं ने किया नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा /मंदसौर

नगर सहित तहसील क्षेत्र में दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व का समापन अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ हुआ। नगर के विभिन्न गणेश पंडालों एवं घरों में विराजित भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन कर भव्य शोभायात्राओं के साथ विसर्जन किया गया। गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होकर अनंत चतुर्दशी तक चले इस दस दिवसीय उत्सव के दौरान नगर के विभिन्न गणेश पंडालों में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, महाआरती एवं धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से भगवान गणपति की आराधना की।

अनंत चतुर्दशी पर नगर के विभिन्न



क्षेत्रों से गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्राएं बैंड-बाजों, ढोल, डीजे एवं आतिशबाजी के साथ निकाली गईं। शोभायात्राओं में युवक-युवतियों, महिलाओं एवं बच्चों ने भजनों की धुन पर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए जमकर नृत्य किया। नगर के प्रमुख मार्ग गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंज उठे।

नगर क्षेत्र की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन रेवा नदी एवं इंदरगढ़ जलाशय में किया गया। विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर परिषद एवं प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए। इंदरगढ़ जलाशय क्षेत्र में पुलिस बल, नगर परिषद एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों की तैनाती रही।

प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद शर्मा, तहसीलदार मुकेश निगम, नायब तहसीलदार सुनील अग्रवाल तथा थाना प्रभारी विनय बुंदेला ने विसर्जन स्थल का लगातार निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों की मौजूदगी में सुबह से देर शाम तक प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। गणेशोत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना करते हुए भगवान गणपति को भावभीनी विदाई दी।

भक्ति और उल्लास के साथ गणेश प्रतिमाओं का किया विसर्जन

भैंसोदा/मंदसौर। दस दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान नगर भैसोदा में घर-घर एवं विभिन्न गणेश पंडालों में विराजित प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के समक्ष प्रतिदिन महाआरती, प्रसाद वितरण एवं आकर्षक साज-सज्जा का दौर जारी रहा। पूरे उत्सव के दौरान नगर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। गणेश उत्सव के अंतिम दिवस 25 एवं 26 सितंबर को भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के अवसर पर शहर के प्रमुख घाटों पर भव्य एवं गरिमामई वातावरण देखने को मिला। विभिन्न स्थानों से सुसज्जित एवं आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गणपति बप्पा के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा।



विसर्जन कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री अजय पौराणिक उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी चुन्नीलाल जूनवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रही।

गणेश प्रतिमा विसर्जन को सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन एवं नगर परिषद द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। प्रमुख घाटों पर बैरिकेडिंग कर पुलिस प्रशासन एवं होमगार्ड के जवानों की तैनाती की गई। विसर्जन स्थलों पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा लगातार साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। गहरे पानी वाले क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए कुशल गोताखोरों की तैनाती की गई तथाआवश्यकतानुसार लाइफ जैकेट की व्यवस्था भी रखी गई।